## सड़क किनारे लगे पौधे सूखे, ट्री गार्ड दुर्दशा का शिकार



**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के समीपवर्ती ग्राम सहजपुरा से देवनगर पुराना सड़क मार्ग पर भारी तादाद में सड़क किनारे दोनों ओर छायादार व फलदार वृक्षों का पौधारोपण किया गया था, जिसका कार्य प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़क निर्मित होने के बाद किया गया था। इन पौधों की सुरक्षा के लिए ईंट के ट्री गार्ड लगाने का कार्य किया गया था। अभी मौजूदा समय में अधिकांश ईंटों से निर्मित ट्री गार्ड धराशाई हो गए हैं, वहीं उनके अंदर लगे पौधे सूख जाने पर दम तोड़ चुके हैं, जिस मकसद से उक्त सड़क किनारे पौधे रोपित करके उनकी सुरक्षा में राशि खर्च की गई थी। वह पूरी तरह से पानी में बह गई हैं।

इन पौधारोपण किए गए पौधों की देख रेख का कार्य बेहतर तरीके से नहीं होने के कारण ऐसे हालात निर्मित हुए हैं वहीं यहां से निकलने वाले लोगों ने जब पौधे दम तोड़ चुके हैं तो उन्होने ईंट के ट्री गार्ड को ही क्षतिग्रस्त कर दिए। सड़क के दोनों और ईंटों के टुकड़े बिखेर हुए हैं और साथ ही कुछ लोग ईट उठाकर अपने घरों को ले गए यदि इन पौधों की कुछ समय तक अच्छे से देखभाल की जाती तो शायद पौधे पनप कर बड़े हो जाते। मगर ऐसा नहीं हो सका और उक्त कार्य में खर्च की गई राशि व्यर्थ चली गई। नए पेड़ की कल्पना साकार नहीं सकी जबकि पुराने लगे पेड़ कटकर अलग हो चुके हैं। वहीं प्रशासन जोर-शोर से पौधारोपण में धनराशि खर्च करती है लेकिन पौधारोपण के समय शो वाजी की जाती है परंतु जिम्मेदार पंचायत अधिकारी द्वारा उचित देखभाल न होने से रोपे गए पौधे नष्ट हो जाते हैं, इससे सरकार की राशि व्यर्थ चली जाती है।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए केन्द्र निर्धारित

**गोटेगांव, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य पंजीकृत किसानों से 2 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक किया जाएगा, जिसमें गोटेगांव के लिए श्री शक्ति वेयर हाउस गुंदरई-मेख हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बरहेटा, श्री कृष्णा स्टोरेज रहली कमोद हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित कमोद,शिव शक्ति एग्रो पिडरई गोहचर हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमलिया- कामती, शैल वेयर हाउस 2 श्रीनगर हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था श्रीनगर, यादव वेयर हाउस उमरिया हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उमरिया, हरिओम वेयर हाउस गर्रा रोड हेतु सेवा सहकारी समिति करेली कला,अन्नपूर्णा वेयर हाउस श्रीनगर हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित मेख,जयश्री वेयर हाउस लाठगांव हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सिवनी बंधा एवं पदमावती वेयर हाउस सुकरी-कुंडा के लिए सेवा सहकारी समिति लाठगांव को खरीदी स्थल बनाया गया है।

## सिवनी जिले की लखनादौन तहसील के अंतर्गत दो समूह चल रहे फर्जी तरीके से

### जिला परियोजना प्रबंधक से लेकर लखनादौन एसडीएम तक हो चुकी है दो समूहों की शिकायत

**धूमा, देशबन्धु।** लखनादौन विधानसभा की कुछ जगह में फर्जी समूह का चल रहा बोल बाला इन दोनों सिवनी जिले के लखनादौन पर फर्जी समूह का धड़ल्ले से चल रहा व्यापार साथ ही कुछ ऐसे समूह है जो उस समूह पर सदस्य बने हुए हैं, लेकिन उन्हीं सदस्यों को यह नहीं पता कि हम उस समूह के सदस्य हैं या नहीं लेकिन यदि समूह का संरक्षण मिल रहा है तो वह खाद्य आपूर्ति विभाग का पूरा सहयोग कहा जाए या फिर मिलकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए समूहों के साथ यह खेल खेला जा रहा है। लखनादौन तहसील के अंतर्गत दो समूह ऐसे हैं, जो फर्जी तरीके से चल रहे हैं क्योंकि इस बात को हम नहीं करते लेकिन जिला परियोजना प्रबंधक को भी पता है की कुछ समूह फर्जी तरीके से लखनादौन क्षेत्र में चल रहे हैं यदि समूहों की बात की जाए तो लखनादौन और धूमा के बीच में कुछ ऐसे समूह बनाए गए हैं जिन्हें माप दण्डों के अनुसार उन्हें राशन दुकान और स्कूलों का मध्यान भोजन दे दिया जाता है।

अनुभव का भी कोई मापदंड नहीं है तो कुछ जगहों पर यदि ऑनलाइन देखा जाए तो पोर्टल में सेल्समेन का नाम कुछ और तो वही पोर्टल पर देखा जाए तो विक्रेता का नाम कुछ और है राशन दुकान संचालक पत्नी है तो पोर्टल में पति का नाम दर्शा दिया गया है और यह बात फूड इंस्पेक्टर चौधरी साहब को भी शायद पता हो अब देखना है यह होगा कि फुड विभाग और जिला परियोजना प्रबंधक इन दो समूहों पर कब ब्लैक लिस्टस्टेट की कार्यवाही करता है या फिर इन दो समूह के साथ कारगुजारी का खेल चलता रहेगा

## सार-समाचार

### मां के साथ मस्ती करते दिख दो शावक



**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी के पेंच नेशनल पार्क में बाघिन झंडी मट्टा अपने दो नन्हें शावकों के साथ मस्ती करते दिखाई दी है। टूरिस्ट्स ने इस नजारे को अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो टुरिया क्षेत्र का है।

### कॅरियर काउंसिलिंग का आयोजन




**सौसर, देशबन्धु।** शासकीय सीएम राइज़ उत्कृष्ट विद्यालय सौंसर में विगत गुरुवार को तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की संकल्प योजना के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। यह जिलाध्यक्ष अजय देव शर्मा एवं माधुरी भलावी, जिला रोजगार अधिकारी छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इसके लिए कॅरियर मार्गदर्शक शिक्षक चंदु विश्वकर्मा कैरियर काउंसलर सीएम राइज स्कूल गुरैया, कैलाश सोनेवार विषय विशेषज्ञ तथा आकाश सोमकुंवर सहा. ग्रेड 3 जिला रोजगार कार्यालय छिंदवाड़ा ने कॅरियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया, जिसमें छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर विकल्पों, शासकीय तथा अशासकीय क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगारों, शिक्षा ऋण, छात्रवृत्तियों तथा वेबसाइट में उपलब्ध 21 कैरियर डोमेनों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में शाला उपप्राचार्य संजय गवनेकर द्वारा भी छात्रों को कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में कॅरियर काउंसलर शिक्षक हितेश गणोरकर द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॅरियर काउंसलर शिक्षक चंद्रकांत देशमुख, संजय पडोले आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### आदर्श शिशु मंदिर में बाल मेले का आयोजन



**छपारा, देशबन्धु।** नगर में संचालित संस्कारवान विद्यालय आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर छपारा में 23 नवंबर शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ किया गया, जिसमें उपस्थित विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, सचिव सुनील दत्त पाठक, सदस्य सोहन कश्यप, राजेंद्र तिवारी, हेमंत श्रीवात्री, दिलीप चौरसिया, विकास सिंह ठाकुर, रामकुमार सोनी आदि की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुल 20 दुकान लगाई एवं साथ ही कुर्सी दौड़,नींबू चम्मच दौड़,तिरछी दौड़, शिशु बाल, किशोर वर्ग की प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान आने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया संपूर्ण बाल मेला में बच्चों के अभिभावक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया साथ ही आचार्य परिवार ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम अंत में प्रभारी प्राचार्य योगेश कुमार शिववेदी के द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सिवनी में 70 हजार की अवैध शराब बरामद

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले की लखनादौन पुलिस ने शराब की तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 70 हजार की शराब सहित कार बरामद की गई है।

## विकास के नाम पर ग्राम पंचायत बौछार फिसड्डी




**गोटेगांव, देशबन्धु।** तहसील के अंतर्गत जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बौछार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी। नाली का निर्माण कार्य, विगत कुछ समय पूर्व ग्राम बौछार में ग्राम पंचायत के माध्यम से नाली का निर्माण किया गया था,जिसमें निर्माण के बाद कुछ ही समय में नाली का एक हिस्सा टूट कर पापड़ की तरह बिखर गया है, इससे नाली निर्माण में हुए घटिया निर्माण की पोल खुल गई।

इस नाली के निमार्ण में लोहा की सरिया का इस्तेमाल नहीं हुआ,निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का भरपूर उपयोग किया गया, जिसके परिणाम स्वरुप कुछ ही दिनों बाद नाली का यह हश्र हुआ,नाली का निर्माण सीधे तरह से धागा लगाकर नहीं हुआ, जिससे लापरवाही के कारण नाली नागिन की तरह आड़ी तिरछी बल खाती हुई बनाई गई है। कुल मिलाकर नाली निर्माण में जिस हिसाब से कार्य किया जाना था उस हिसाब से कार्य नहीं हुआ है। नाली की दोनों पट्टी कहीं पर पतली तो कहीं पर तिरछी ढलाई कर की गई है।

**स्वच्छता का माखौल उड़ाती ग्राम पंचायत-** ग्राम पंचायत स्वच्छता अभियान की धजिया उड़ती नजर आ रही है। सड़कों के किनारे में गंदगी बज बजा रही है। दीवार पर लिखा स्लोगन पंचायत को मुंह चिढ़ा रहा है, जिसमें गांधी जी के स्वच्छता का संदेश दृष्टिगोचर हो रहा है। आखिर ग्राम पंचायत के द्वारा ग्रामों के विकास में आने वाला फंड कहां जा रहा है जन चर्चा है कि गांव के विकास के लिए आए हुए रुपयों का कहीं बंदरबांट तो नहीं हो रहा है, जिससे यह ग्राम पंचायत विकास के नाम पर पिछड़ती ही जा रही है। शासन जबकि ग्राम पंचायतों को अधिकार देने के साथ नित नई योजनाएं लांच कर रहा है परंतु यहां सबके विपरीत कार्य किया जा रहा है जो जनहित के हिसाब से उचित नहीं है। शासन ध्यान दे और जांच करके दूध का दूध पानी का पानी करे।जिससे ग्राम की जनता को लाभ हो और योजनाओं के लाभ से ग्रामीण जनता वंचित न हो।

## मानेगांव में दिनदहाड़े काटी जा रही सट्टा-पट्टी

### पुलिस जानकर भी अनजान बनी

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव तहसील में थाना ठेमी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मानेगांव तिगड़ा से कुछ दूरी पर बिजली आफिस के पास सटोरिया द्वारा दिनदहाड़े सट्टा पट्टी काटी जा रही है।

इसके पूर्व में ठेमी पुलिस के द्वारा उक्त सटोरिया का प्रकरण भी बनाया गया था। उसके बाद भी दिनदहाड़े सटोरिया द्वारा बिजली आफिस के पास सटा खिलाएं जाना अपराध को बढ़ावा दिए जाने का सबब बनता जा रहा है। इस तरह दिनदहाड़े एक के 80 का व्यापार फल फूल रहा है,जिससे शासन प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

आसपास की नौजवान पीढ़ी इनका आसान शिकार बन रहे हैं, जिससे उनका भविष्य और परिवार दोनो बर्बाद हो रहा है। लगातार यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है,सबसे बड़ा सवाल यह है इन सट्टा माफिया पर आखिर कब कार्यवाही की जाएगी या फिर मामले को ले-देकर निपटा दिया जाएगा।आखिर क्या विभाग यह सट्टा बंद कराएगा या इस सट्टा की अखंड ज्योति हमेशा प्रज्वलित होती रहेगी।यह गांव में जन चर्चा का विषय बना है।

### कालभैरव जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी में श्रीकाल भैरव जन्मष्टमी मनाई गई, वहीं छोटी काशी के नाम से प्रख्यात कालभैरव की धर्मनगरी आदेगांव में भैरव अष्टमी मनाई गई। जन्मोत्सव का कार्यक्रम विगत शुक्रवार की रात 11-12 बजे से आरंभ होकर शनिवार रात महाआरती तक चलता रहा।

## पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य, नहीं लगाया बोर्ड

### जनपद अध्यक्ष ने पत्र लिखकर अवगत कराया

**छपारा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छपारा की अनेक पंचायतों में निर्माणाधीन लाखों के कार्य संचालित है, जहां बोर्ड नहीं लगाया गया है। जानकारी के अभाव में यह मालूम नहीं हो पाता की उक्त कार्य किस योजना से कितनी स्वीकृत राशि से निर्माण कार्य किया जा रहा है।

24 नवम्बर को जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े निर्माण कार्य के निरीक्षण करने ग्राम पंचायतो का दौरा किया जहा नाली निर्माण कार्य ग्राम पंचायत बकौडा सिवनी के अंतर्गत जामुन टोला का निरीक्षण किया, जिसमें प्रगति कार्य में बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे जानकारी नहीं हो पा रहीं है।

निर्माण कार्य किस मद का है और तकनीकी स्वीकृति कितने की है। इसी तरह ग्राम पंचायत लुडगी में भी नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहां भी कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। इस विषय पर जनपद पंचायत सीईओ राकेश दुबे को जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह वरकड़े के द्वारा पत्र लिखा गया है, लेकिन पत्र का अभी तक कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है।

ऐसा लगाता है जनपद पंचायत छपारा के अधिकारी भी ठेकेदारो के साथ मिलकर चूना लगाने में जुटें हैं। शासन की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता से कार्य नही किया जा रहा है। शासकीय स्टीमेट की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ठेकेदार के प्रभाव में तकनीकी अधिकारी बोने सबित हो रहे हैं।

## आदित्य ब्यौहार परिणय सूत्र में बंधे

**उमरियापान, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत उमरियापान के सरपंच अटल बिहारी ब्यौहार के सुपुत्र आदित्य ब्यौहार का विवाह परिणय 22 नवंबर को जबलपुर निवासी संजय कुमार की सुपुत्री जूही के साथ तिलवारा रोड, बरगी हिल्स स्थित कोकिला रिसोर्ट में सानंद संपन्न हुआ। इस अवसर पर 23 नवंबर को उमरियापान स्थित मंगल भवन में आयोजित आशीर्वाद समारोह में बडी संख्या में उपस्थित रिश्तेदारों एवं स्नेहीजनों ने नवयुगल वर-वधु को शुभाशीष प्रदान किया।



## जुन्नारदेव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपचार कराने पहुंचे सैकड़ों



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** अपनी विधानसभा के लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के लिए जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके के विशेष आग्रह पर भोपाल के चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा जुन्नारदेव के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किये गए निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य की जाँच कराने के लिए हजारों की संख्या में क्षेत्र के मरीजों एवं उनके परिजनों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। शिविर में पहले दिन उच्च स्तरीय जांच, उपचार एवं सेवा की चर्चा क्षेत्र में फैलते ही दूसरे दिन भारी भीड़ सुबह से ही शिविर स्थल पर पहुँच गई। अचानक बढ़ी भीड़ को भी व्यवस्थापकों ने थोड़ी देर की मशक्कत के बाद व्यवस्थित कर सुगमता से शिविर का संचालन करने में सफलता प्राप्त कर ली। स्वास्थ्य शिविर में साधरण से लेकर गंभीर बीमारियों की जाँच एवं उच्चार कराने के लिए क्षेत्र के हजारों महिला एवं पुरषों ने अपना परीक्षण कराया।

शिविर में भोजन, पेयजल, साफ सफाई तथा कांग्रेसजनों एवं स्वाजसेवियों के सेवाभाव ने शिविर में आए लोगों को काफी प्रभावित किया। शिविर में अपनी सेवा दे रहे कार्यकर्ताओं के द्वारा शिविर में उपचार कराने पहुँचे मरीजों एवं उनके परिजनों का विशेष ख्याल भी रखा गया। शिविर के आयोजक जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, चिरायु मेडिकल कालेज भोपाल के डॉ. गोयनका ने दोनों दिन पूरे शिविर में घूम-घूमकर हर क्षेत्र में अपनी पैनी नजर जमाए रखी, जिससे कही भी कोई अव्यवस्था नजर नहीं आई। विधायक शिविर में आए हर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करते नजर आए। शिविर में दोनों दिन कुल 15 हजार से अधिक मरीजों ने अपना पंजीयन कराया जिसमे जाँच एवं उपचार के बाद सघन जाँच एवं गंभीर बीमारियों के इलाज एवं ऑपरेशन के लिए 1650 मरीज भोपाल रेफर किये गए जिन्हें लगातार अगले 3 दिनों तक भोपाल भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 25 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की दशमी नक्षत्र-उ.फा.।**

**मेष**
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ**
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।
`क-

**कर्क**
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह**
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला**
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु**
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर**
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.